KJ-1057

B.A. (Part - II)

Term End Examination, 2020

HINDI LITERATURE

हिन्दी निबन्ध तथा अन्य गद्य विधाएँ

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्ध एवं अनर्गल लेखन पर अंक काटे जायेंगे। एक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखें।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) टके के वास्ते झूठ को सच करे। टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेचे। टके के वास्ते झूठी गवाही दे। टके के वास्ते पाप को पुण्य मानै। टके के वास्ते नीच को भी पितामह बनावै। वेद, धर्म, कुल, मर्यादा, सच्चाई, बड़ाई सब टके सेर।

अथवा

हाय! मैने गुरूजी का कहना न माना, उसी का फल है। गुरूजी ने कहा था कि ऐसे नगर में न रहना चाहिए, यह मैने न सुना। अरे! इस नगर का नाम ही अंधेर नगरी और राजा का नाम चौपट है, तब बचने की कौन आशा है।

(ख) क्रोध के निरोध का उपदेश अर्थपरायण और धर्मपरायण दोनों देते हैं। पर दोनों में जिसे अति से सावधान रहना चाहिए वही कुछ भी नहीं रहता। बाकी रुपया वसूल करने का ढंग बतानेवाला चाहे कीड़े पड़ने की शिक्षा दे भी दे, पर धज के साथ धर्म की ध्वजा लेकर चलने वाला धोखे में भी क्रोध को पाप का बाप ही कहेगा।

अथवा

सारी दुनिया में हल्ला हो गया कि वसंत आ गया, पर इन कम्बख्तों को कोई खबर नहीं! कभी-कभी सोचता हूँ कि इनके पास तक संदेशा पहुँचाने का क्या कोई साधन नहीं हो सकता!

(ग) (बीच ही में) अब हम अच्छे नहीं हो सकते, जीनत, चन्द घड़ियों की ज़िन्दगी! कौन जाने कब खामोशी आ जाए! लेकिन बेटी! हमने एक दिन भी आराम नहीं किया। एक दिन भी नहीं, राजपूत जैसी कौम पर हुकूमत करना ज़िन्दगी का आराम नहीं है, सबसे बड़ी मेहनत है।

अथवा

सेठजी, दस हज़ार रुपये की क्या बात है? आज ही तो बुधवार है, अगर कहें तो मुहम्मद बक्स को न देकर दस हज़ार का इंतज़ाम कर लूं। रुपया तो है ही।

2. ''अंधेर नगरी समसामयिक संदर्भ का जीवंत दस्तावेज है।'' इस कथन के संदर्भ में अंधेर नगरी की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए। 12

अथवा

एकांकी के तत्वों के आधार पर 'एक दिन' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

3. ''व्यंग्य साहित्य में हरिशंकर परसाई का महत्वपूर्ण स्थान है।'' इस कथन की तार्किक समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

''मम्मी ठकुराइन एकांकी के कथानक हमारी दैनिक जीवन का यथार्थ है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×3

(क) राहुल सांस्कृत्यायन का यात्रा वृत्तांत

(ख) महादेवी वर्मा के गीतिकाव्य

(ग) हबीब तनवीर का जीवन परिचय

(घ) आ० रामचंद्र शुक्ल की निबंध शैली

(ङ) 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी का उद्देश्य

5. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 1×15

(क) आपके पाठ्यक्रम में संकलित निबंधों की संख्या लिखिए।

(ख) 'अंधेर नगरी' प्रहसन में उल्लेखित शिष्यों की संख्या बताइए।

(ग) 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता का नाम लिखिए।

(घ) 'स्ट्राइक' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए।

(ङ) आपके पाठ्यक्रम में शामिल डॉ० विद्यानिवास मिश्र के निबंध का नाम बताइए।

(च) महादेवी वर्मा मूलतः हैं — कथाकार या कवयित्री।

(छ) 'चरनदास चोर' किसका नाटक है?

(ज) केदार पाण्डे किसका बचपन का नाम है?

(झ) 'अंधेर नगरी' एकांकी कितने दृश्यों में घटित है?

(ञ) औरंगजेब की पुत्री का नाम लिखिए।

(ट) 'श्रीचन्द' किस एकांकी का पात्र है?

(ठ) मोहन का संबंध किस एकांकी से है?

(ड) बिसाखाराम किसका नाम है — सेठजी या मुनीम का?

(ढ) कथावस्तु का एक और नाम लिखिए।

(ण) 'अशोक के फूल' के निबंधकार का नाम लिखिए।

———